बात है, यह तो पार्लियामेंट पहले तय कर चुकी है। माफ कीजिए, रिपोर्ट के लीक होने से रिपोर्ट की सच्चाई खत्म नहीं हो जाती है। यह तो मालूम करना ही पड़ेगा कि बाबरी मस्जिद की शहादत किन लोगों ने की थी। जब लिब्रहान कमीशन एप्वाइंट किया गया तो अटल जी ने पार्लियामेंट के अंदर कहा था – "The Government has set up an Inquiry Commission into the happenings at Ayodhya. We have welcomed it, and we want to know the fact." यह बात 21 दिसम्बर को Motion of No Confidence के समय अटल जी ने लोक सभा में कही। मस्जिद टूटी, तो कुछ लोगों ने तोड़ी। मैं आपकी यह बात भी मान सकता हूं कि आप लोग सीधे जिम्मेदार न हों। लेकिन वहां पर जो लोग गए थे, उनको कौन लेकर गया था, किसलिए लेकर गया था? मैडम, 13 दिसंबर, 1946 को जब देश आज़ाद नहीं हुआ था, तब Constituent Assembly के अंदर Fundamental Rights का Resolution पंडित जवाहरलाल नेहरू ने रखा, तो उन्होंने जो कहा था, चूंकि वक्त नहीं है, इसलिए मैं उसे यहां पढ़ना नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने कहा था कि जो रेज़ोल्यूशन मैं इस हाउस में रख रहा हूं, उसके अल्फाज़ पर मत जाइए, यह मत समझिए कि हम कोई कानून बनाना चाहते हैं। ये जो Fundamental Rights थे, इनमें कहा गया कि यहां मज़हब की आज़ादी है, हिंदुस्तान के अक्लियतों को और दूसरे लोगों को बराबर का हिस्सा है। यह एक pledge है, यह एक शपथ है, जिस शपथ को हमें दिल से लेना चाहिए। मैं बहुत अदब से पूछता हूं कि क्या वह शपथ पूरी की गई, क्या अयोध्या के अंदर आपने उस शपथ को पूरा किया? आप बहुत जोर से "जय श्रीराम" का नारा लगाते हैं। मैं तुलसीदास जी की वह किताब भी लाया हूं, जिसके अंदर कहा गया है कि रामराज्य कैसा था - जहां पर परिंदे और जानवर, एक साथ खड़े होकर पानी पीते थे, जहां पर बादलों से पानी तब गिरता था, जब लोग चाहते थे, जब लोग चाहते थे कि पानी बरस जाए, तो बरस जाता था, जहां पर कोई किसी को मारता नहीं था। आप अगर "**जय श्रीराम**" का नारा लगाते हैं, तो इसके पीछे आपकी क्या नीयत है? आप क्यों नहीं पढ़ते कि भगवान श्रीराम का राज कैसा था? हम भी चाहते हैं कि हिंदुस्तान के अंदर वही राज हो, लेकिन मेरी बात याद रखना कि जिस दिन इस देश के अंदर रामराज्य बनेगा, उस दिन आपकी कोई जगह हिंदुस्तान के अंदर नहीं होगी। रामराज्य के अंदर उन लोगों की जगह नहीं हो सकती, जो देश को तोड़ना चाहते हैं, उन लोगों की जगह नहीं हो सकती है, जो देश के लोगों को तोड़ना चाहते हैं। माफ कीजिए, देश दीवारों से नहीं बनता, देश सड़कों से नहीं बनता, देश शहरों से नहीं बनता। अगर देश सिर्फ शहरों से बना करता, तो 14 अगस्त, 1947 को हम कराची के लिए खून देने के लिए तैयार रहते, हम ढाका के लिए खून देने के लिए तैयार रहते। आज वे हमारे दुश्मन हैं ....(व्यवधान)

श्री कमाल अख्तर : ताला किसने खुलवाया, यह तो बताइए .... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please, let him complete his speech. ...*(Interruptions)*... Please maintain order. Let him complete his speech. ...*(Interruptions)*... No, I am not recognising you. Please sit down.

एक माननीय सदस्य : पहले यह बताइए कि हिंदुस्तान किसने तोड़ा .... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kamal Akhtarji, please sit down. ...*(Interruptions)*... Please sit down. ...*(Interruptions)*... Please don't interrupt him. ...*(Interruptions)*... Kamal Akhtarji, please don't interrupt him. Mr. Alvi, you have one more minute.

श्री राशिद अल्वी : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैंने शायद कोई ऐसी बात नहीं कही है जिससे हंगामा हो ....(व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I would like cooperation of all the hon. Members. He has not said anything...*(Interruptions)*... No, Kamal Akhtarji, don't interrupt the Chair. ...*(Interruptions)*... Kamal Akhtarji, don't interrupt the Chair. ...*(Interruptions)*... Please understand this.

श्री कमाल अख्तर : हाउस में सच बोलना चाहिए, यह भी नियमानुसार है, सारी सच्चाई बोलनी चाहिए ... (**व्यवधान**) हमें बता दो बाबरी मस्जिद ... (**व्यवधान**) 36 करोड़ मुसलमान बेवकूफ नहीं हैं, सभी कांग्रेस को जानते हैं और बी.जे.पी. को भी अच्छी तरह से जानते हैं ... (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please resume your seat. ...*(Interruptions)*... Please resume your seat. ...*(Interruptions)*... Please understand that unless there is something unparliamentarily that is said, the hon. Member should be allowed to complete his speech. And if you keep these interruptions up, you will not get your turn to speak. ...*(Interruptions)*... Please do not speak when the Chair is on its legs. Please resume your seat. ...*(Interruptions)*... Alviji, you have one more minute. ...*(Interruptions)*... आप बोलने ही नहीं देते हैं .... (**व्यवधान**) प्लीज़, आप उनको बोलने दीजिए, उनको अपनी बात कहने दीजिए ... (**व्यवधान**)

श्री बलबीर पंुज : ये कह रहे हैं कि हमारे लिए उसमें जगह ही नहीं होगी ... (**व्यवधान**)

श्री राशिद अल्वी : उपसभाध्यक्ष महोदया, भगवान राम अपने पिता के वचन के लिए, कमिटमेंट के लिए 14 साल के वनवास पर गए थे ... (**व्यवधान**) यह उनके पिता का वचन था। आप लोगों ने नेशनल इंटिग्रेशन के अंदर वचन दिया कि बाबरी मस्जिद नहीं टूटेगी, आपने सुप्रीम कोर्ट में वचन दिया कि बाबरी मस्जिद नहीं टूटेगी। आप भगवान राम की बात करते हैं, लेकिन आप लोगों ने अपना वचन नहीं निभाया। मैं कार-सेवकों को जिम्मेदार नहीं मानता। मैं बाबरी मस्जिद डिमोलिशन के लिए उन लोगों को जिम्मेदार मानता हूँ, जिन लोगों ने उनको भड़काने का काम किया है। मैं बहुत अदब से पूछता हूँ, अभी श्री मोहम्मद अदीब साहब ने एक बात कही ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Alviji, you have to conclude now.

श्री राशिद अल्वी : मैं दो मिनट में समाप्त करता हूँ। 1528 के अंदर वहां पर मस्जिद बनी। तुलसी दास जी ने 31 मार्च, 1574 में रामायण लिखना शुरू किया। 31 मार्च, 1574 में आप में से कौन है, जो तुलसी दास जी से बड़ा राम भक्त है? तुलसी दास जी ने क्यों नहीं लिखा कि चालीस साल का वाकयाद है? क्या चालीस साल के बाद तुलसी दास जी नहीं लिखते कि यहां मंदिर बना था, जिसे तोड़कर मस्जिद बना दिया गया। तुलसी दास जी ने कहा कि मैं दिन भर भीख मांग कर खाता हूँ और मस्जिद में सो जाता हूँ। बहुत मुमकिन है कि इसी मस्जिद के अंदर सोता हूँ। दूसरी बात मैं कहना चाहता हूँ कि 1500 साल पहले हमारे रसूल इस दुनिया के अंदर आए। दुनिया के एक अरब मुसलमान यह नहीं बता सकते कि 10 X 10 फीट की वह कौन सी जगह है, जहां आप पैदा हुए थे। दो हजार साल पहले क्राइस्ट पैदा हुए, सारे ईसाई मिल कर नहीं बता सकते कि वे किस जगह पैदा हुए थे। 25 सौ साल पहले मूसा आए, कोई यहूदी नहीं बता सकते कि वे कहां पैदा हुए थे। यह कलयुग चल रहा है ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Alviji, please finish now. Your time is over.

श्री राशिद अल्वी : इससे पहले द्वापर युग था, जिसमें भगवान कृष्ण आए, उससे पहले तीन लाख साल का त्रेता युग था, जिसके अंदर भगवान राम आए। 1500 साल वाला नहीं बता सकता, 2000 साल वाला नहीं बता सकता, 2500 साल वाला नहीं बता सकता, लेकिन आपको मुबारकबाद देता हूँ कि ढाई लाख साल पहले भगवान राम कहां पैदा हुए, आप उंगली रख कर बताने के लिए तैयार हैं ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Your time is over and I will have to call the next speaker now. Your time is over. Please take your seat.

श्री राशिद अल्वी : ये बहुत शोर मचा रहे थे, आखिर में इनके बारे में कहता चलूं। अमर सिंह जी यहां बैठे हुए हैं ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Your party has three more speakers, please conclude now.

श्री राशिद अल्वी : मुलायम सिंह जी मुख्य मंत्री बने ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kamal Akhtarji, please resume your seat. *(Interruptions)*

श्री कमाल अख्तर : *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kamal Akhtarji's interruptions will not go on record.

श्री राशिद अल्वी : उत्तर प्रदेश में स्पीकर भारतीय जनता पार्टी का था। यह आपका हलफनामा है, जो आपने सुप्रीम कोर्ट के अंदर file किया था और आपने कहा था कि बाबरी मस्जिद को गिराने में भारतीय जनता पार्टी का हाथ नहीं है ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kamal Akhtarji, please take your seat.

श्री राशिद अल्वी : आपने कहा था कि किसी संगठन का हाथ नहीं है। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please sit down. Do you want to make a speech or not?

श्री राशिद अल्वी : अमर सिंह जी को इसका जवाब खड़े होकर देना चाहिए। आप शोर मचा कर आवाज को नहीं दबा सकते हैं। ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Kamal Akhtarji, when your time comes you will speak, not now.

श्री राशिद अल्वी : मैं आपका हलफनामा लाया हूँ, जो मुलायम सिंह जी की सरकार में बीजेपी की हिमायत में आपने हलफनामा दिया था।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Okay, Rashid Alviji, that is all. Your time is over, please sit down now.

श्री राशिद अल्वी : आखिर में मैं कहूंगा कि तू इधर-उधर की न बात कर, तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता ..(व्यवधान)..

श्री अमर सिंह : मैडम, ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Amar Singhji, your name will be mentioned, no need for any clarification. *(Interruptions)*

---

*Not recorded.

श्री अमर सिंह : मैडम, इन्होंने मेरा नाम लिया है, मेरे ऊपर आरोप लगाया है ..(व्यवधान)..

श्री राशिद अल्वी : मैं पहले अपनी बात कह दूं, फिर आप अपनी बात कहिएगा।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : आपकी बात हो गई, कृपया आप बैठ जाइए, कृपया आप बैठ जाइए। बहुत हो गया, अब आप बैठ जाइए।

श्री राशिद अल्वी : बस, अंतिम बात कह कर मैं समाप्त कर रहा हूँ। तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि काफिले क्यों लूटे, मुझे राहजन से गरज नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है, मैं बताऊं कि काफिले क्यों लूटे, मैं बताऊं कि काफिले क्यों लूटे ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): The other Members' time will go, please sit down now.

श्री राशिद अल्वी : वे थे राहजनों से मिले हुए, उसे काफिले की फिक्र न थी, उसी राहजनी का ही काम था। Thank you very much.

श्री अमर सिंह : "तेरा-मेरा शीशे का घर, मैं इस ओर और तू उस ओर, दोनों के हाथ के पत्थर, मैं सोचूं, तू भी सोच।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Amar Singhji, please sit down.

श्री अमर सिंह : मैं बताना चाहता हूँ कि जो सरकार बनी ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): There is no need for you to clarify everything.

श्री अमर सिंह : वह सरकार नहीं बनती, अगर आपकी चिट्ठी नहीं आती, कांग्रेस की चिट्ठी नहीं आती ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Amar Singhji, please sit down. Shri Sabir Ali. *(Interruptions)* No, that is enough, there is no need.

श्री अमर सिंह : हमें जैसे ही उस हलफनामे का पता चला ..(व्यवधान).. हमने हलफनामा में सुधार किया ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Amar Singhji, please address the Chair.

श्री राशिद अल्वी : या तो मैं राज्य सभा छोड़ दूंगा या आप राज्य सभा छोड़ दीजिए। ...(व्यवधान)... या तो मैं पार्लियामेंट छोड़ दूंगा या आप छोड़ दीजिए। ...(व्यवधान)... मेरे पास यह हलफ़नामा है। ...(व्यवधान)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : श्री साबिर अली, बोलिए । ...(व्यवधान)... साबिर अली जी, आपके पास 7 मिनट हैं।

श्री साबिर अली (बिहार) : थैंक यू, मैडम। अपनी बात शुरू करने से पहले मैं कांग्रेस के लिए कुछ शेर कहना चाहता हूं -

हमने उनसे की थी वफा की उम्मीद,

जो नहीं जानते वफा क्या है।

हमने सोचा था कि हाकिम से करेंगे फरियाद

वह भी कम्बख्त तेरा चाहने वाला निकला।

अंधेरा हर तरफ छाया हुआ है,

उजाला मात खाते जा रहा है।

फसादो सर का आलम यूं न पूछो,

चरागो अमन तो बुझता जा रहा है।

वतन की आबरू बचनी है मुश्किल

कि सर हर रोज़ कटता जा रहा है।

एक अज़दहा उनको समझ लो

जो इन्सानों को डसता जा रहा है।

मैडम, अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आपके थ्रू यह कहना चाहता हूं कि इस हाउस में कल से यहां चर्चा चल रही है, उस कमीशन की रिपोर्ट पर, जिसमें एक पक्ष यह कह रहा है कि उसमें बहुत से lacuna हैं और दूसरा पक्ष कह रहा है कि रिपोर्ट बहुत अच्छी है। महोदया, गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं। मैं आपके माध्यम से उनसे पूछना चाहता हूं और इनके answer में मैं यह सुनना चाहता हूं कि क्या पहले जो सरकारें थीं, आपकी सरकारें, उन्होंने जिन बातों को दोहराया था, आपकी सरकार दिल्ली पर राज कर रही थी, पूरे देश पर राज कर रही थी। आपके ही प्रधान मंत्री थे। 17 साल गुज़र गए और आपने किसी को दोषी नहीं ठहराया, किसी को दंडित नहीं किया। 17 साल गुज़र तो गए, लेकिन अगर सुप्रीम कोर्ट, जो इस देश का कानून तय करता है, अगर उसमें जो लोग मुलव्विस हैं, क्या आप उनको दंडित करेंगे? आप इसका आश्वासन देना चाहते हैं सदन में? मैं कांग्रेस के उन लोगों से पूछना चाहता हूं कि जिस वक्त 6 दिसम्बर को बाबरी मस्जिद की शहादत हुई, उस वक्त जो सबसे बड़ा पहला फसाद मुम्बई की सरज़मीन पर हुआ, वहां किसकी हुकूमत थी? वहां कांग्रेस की हुकूमत थी, मैडम, मैं चश्मदीद गवाह हूं। मेरे सामने गोलियां चल रही थीं, मां की गोद सूनी हो रही थी। 8 दिसम्बर को, रात के दो बजे एक आदमी मेरे दरवाज़े पर दस्तक देता है, उसके हाथ में 6 महीने का मासूम बच्चा है। वह आकर कहता है कि मुझको बचा लो, इस बच्चे की मां को लोगों ने मार डाला है। मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे लोग, जिन्होंने इस देश के कानून का कत्ल किया, जिन्होंने उन मासूमों का कत्ल किया जिनका कोई गुनाह नहीं था, जिनका कोई लेना-देना नहीं था उस मस्जिद से, जो साठ साल से वीरान पड़ी थी... मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि यह मस्जिद थी, इसकी शहादत मौजूद है, लेकिन वह सूनी पड़ी थी। मैं कांग्रेसियों से पूछना चाहता हूं, साठ साल पहले, कांग्रेस के दौरे हुकूमत में उस मस्जिद पर सबसे पहला ताला लगवाया गया और खुलवाया गया, उसके बाद लगातार उसके साथ छेड़छाड़ की गई, यह issue किसने दिया? यह लोगों का कत्ले-आम सिर्फ एक के ज़िम्मे नहीं जाता है, लोगों का यह कत्ले-आम और लोगों का खून - दोनों पक्ष पर जाता है।

"अगर आह निकलती है, तो असर रखती है,
पर नहीं, परवाज़ मगर रखती है।"

यही वह दौर था कि कांग्रेस ने अपनी हुकूमत बिहार से और पूरे हिंदुस्तान से छोड़ी, वह लोगों की आह थी और मैं बी.जे.पी. के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप भी संभल जाओ। आप खून का रास्ता छोड़ दो। इस हिंदुस्तान के कानून को कत्ल करने का रास्ता छोड़ दो। इस हिंदुस्तान में वह कभी भी पनप नहीं सकता,

जो * की बात करता हो, जो कानून को रौंदने की बात करता हो, जो तीस करोड़ मुसलमानों को रौंदने की बात करता हो, हम वह नहीं कि जिनको आप मिटा सकें। 1984 का दंगा हुआ, उनको तो आप मिटा नहीं सके, तीस करोड़ मुसलमानों को कहां से मिटाकर आप इस हिंदुस्तान में राज कर लोगे? आप इसको भूल जाओ और मैं कांग्रेस के लोगों से भी पूछना चाहता हूं।

अभी मुझसे से पहले कपिल सिब्बल साहब ने अपने भाषण में कहा, उन्होंने खुद कबूल किया कि दो से तीन हजार लोग मारे गए। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आपने उनके लिए क्या इंसाफ किया? आपके पास हुकूमत आयी। उसके बाद लगातार, 92 के बाद एक बार शिवसेना और बीजेपी ने महाराष्ट्र में हुकूमत की। उस वक्त, अभी आपने जिक्र किया कि श्रीकृष्ण कमीशन की रिपोर्ट आयी, उसको तो रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। उसके बाद कांग्रेस और एनसीपी का यह तीसरा टर्म है, आपने रिपोर्ट को टेबल भी किया, आपने कितने लोगों को सजा दी? आप सिर्फ upliftment की बात करते हो, आप मुसलमान को गुमराह करने की बात करते हो, इंसाफ की बात नहीं करते। ये लोग हुकूमत के लिए, अपने upliftment के लिए, मुसलमानों को गुमराह करने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं। हमें इस बात का अफसोस है। हिन्दुस्तान का नागरिक होने के नाते हमारा कोई धर्म ऐसा नहीं सिखाता है। मैं जिस धर्म से आता हूं - ये कुरान की बात करते हैं - मैं कहता हूं कि एक लफ़्ज़ लकुम-दीनुकुम वले यदीन, तेरा दीन तेरे लिए, मेरा दीन मेरे लिए। कभी कोई मजहब किसी को लड़ना नहीं सिखाता, लेकिन यह पार्टी, * अपने आपको secular कहने वाली जो पार्टीज़ हैं, ये सिर्फ दिखावे की हैं और ये लोग * हैं। हालांकि मैं इस प्रदेश से नहीं आता हूं लेकिन मैं श्री मुलायम सिंह यादव को मुबारकबाद देता हूं क्योंकि उनकी सरकार में बाबरी मस्जिद शहादत से बची रही। मैं उनका कोई अगुआई नहीं हूं, मैं उनकी पार्टी का नहीं हूं लेकिन सच बात बोलना मेरा हक है, मैं हक कहना जानता हूं। सच सुनना चाहिए। इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि ये लोग जो upliftment की बात कर रहे हैं, इसे खत्म करो। लोगों को बेवकूफ बनाने और गुमराह करने की बातों को कम कर दो और हिन्दुस्तान को आगे बढ़ाने के लिए, कम से कम अभी अमली जामा पहनाने के लिए जो लोग दोषी हैं, उनको दोषी करार देकर उनको सजा दिलाने का काम करो। बात सिर्फ ज़ुबान से नहीं, अमल से बात करो। धन्यवाद।

SHIR B.S. GNANADESIKAN (Tamil Nadu): Madam Vice-Chairman, I am not going to elaborate, because many earlier speakers have spoken on various issues of the Liberhan Report.

Yesterday, I was listening to the hon. Leader of the Opposition. As an efficient lawyer, he has done justice to his party, not to the nation. As an efficient lawyer, he was avoiding the real issue involved in the matter and evaded the real answers to be given to this House. As Kapilji, in his speech, has said that the core and the real issue in the entire episode was, 'who was responsible, which leader gave the call, who are the persons went there and what happened on that fateful day of 6th December, 1992.' That is the core issue. Instead of answering this, he pointed out various pages, alleged loopholes and said that the Report of the Commission has to be thrown in the dustbin. But, unfortunately, he has not answered the real issue. I am adding only two or three points to what Kapilji has said today.

Madam, the BJP Government was ruling the State at that time. The fact of the matter is, when the entire thing had happened — Shri Kalyan Singh was Chief Minister — will the members of the BJP be able to deny that before 6th Decembe, 1992, most of the officials who were

*Expunged as ordered by the Chair.

in-charge of Ayodhya area like SP, DIG, District Magistrate, were transferred from that place and officers who are affiliated to the Sangh Parivar and sympathisers of the said cause brought in and put in-charge of Ayodhya complex. It is in the Report of the Commission. I would like to know whether they are able to deny this. I also want to ask a political question. Madam, whether in any State, which is ruled by a political party, a party which was authorised to rule that State, candidate set up by a political party under the R.P. Act, Chief Minister can assume a role himself, allow the Kar Sevaks and things to happen unless he has got a clear mandate and signal from the leadership of that national political party from Delhi. If that is so, Mr. Kalyan Singh must come out clearly, or, you must disown Mr. Kalyan Singh by saying that Mr. Kalyan Singh acted on his own and no mandate and clearance was given by the BJP leadership. But, unfortunately, what transpired today and yesterday from that side, particularly the speech from Siva Sena, clearly gives a stamp of approval of what Liberhan has said. One more aspect is this, Sir, when in 1949, the idol was placed, a report was called by the Central Government and the State Government. The then District Magistrate sent a report by saying — not answering the issue correctly — Mathura and other places were brought in and he said there was no person who was well versed in rituals to remove the idols from that place. That District Magistrate was given a ticket by the Hindu organisation and he contested the election. After the Ayodhya incident, the District Magistrate, who was in charge of Ayodhya area, was given the BJP ticket and he also contested the election. What for these people given tickets in the BJP Party? They were given tickets as an appreciation for what they did. It is there in the Report. If you want, I can tell you. Therefore, Sir, I charge here, if really the BJP wanted to dispute and deny what happened there, they should have come out and pinpointed what was the actual, factual position. There is no evidence in the Report that they did not do so. *(Time-bell rings)* Madam, because the time is short, I will take only two minutes. There was a lecture on Hinduism. I am also an ordinary Hindu. I worship Hindu God daily, but I would like to tell you one thing. There is Lord Ayyapan temple in Sabarimala. Those who go to Sabrimala temple in Kerala — a lot of people from Tamil Nadu and Andhra Pradesh also go there — worship a Muslim God Vavaru first and then only they worship Lord Ayyapan, the Hindu God. ..*(Interruptions)*.. Therefore, that is the culture of the Indian civilisation. Madam, there are two things. Tipu Sultan donated money for construction of some portion of Chidambaram Temple. Raja Saraboji of Thanjavur donated money for constructing a portion of Annai Vailankanni. That is a civilisation of this country. Do not destroy that. They can say that the leaders are not responsible. There was an agitation in Tamil Nadu when the name of Kamaraj was not there. In Maraimalai Nagar Railway Station, Congress workers were arrested. The present Home Minister was leading the legal battle in the High Court. The point was that when leaders like Moopanarji, Chidambaram and Arunachalam were arrested and released, why were the cadets detained? The point was that the cadets

follow the leader. Therefore, when the leaders were released, how can you detain the caders? The Division Bench of the Madras High Court said, accepting that argument, Sir, when the leaders are released, the caders who follow the leader also must be released. Therefore, the leaders here are Advani and company, and, therefore, the BJP is responsible. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Abdul Wahab Peevee. You have seven minutes.

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE (Kerala): Madam, I thank you for having given me seven minutes. After 17 years and 48 extensions, at last, the Liberhan has pinpointed who are all responsible intellectually, ideologically and physically for the Babri Masjid demolition. We see demolition of Babri Masjid not as a demolition of a Masjid, just a structure, but we see it as a challenge to the honourable existence of the Muslims in secular India. The Indian Union Muslim League was founded by our former Constituent Assembly Member and former Parliament Member of Lok Sabha, Qaide Millath Mohd. Ismail Saheb, who has already declared that the Muslim League is for the honourable existence of the Muslims. There are about 1500 lakhs or 1800 lakhs of Muslims in this country. I am sure that any Bajrang Dal or any Sangh Parivar cannot eradicate them from this soil. That is for sure. Nobody can do this except God. But the destruction happened to show that the Muslims should behave properly, according to the diktats of the Sangh Parivaar. That was the darkest day in the history of secular India. Everybody condemned; the Parliament condemned, and, everybody, irrespective of any party, even BJP and all other condemned that action. But now after 17 years, from the body language of some of our friends like Mr. Pany and others, it seems that they have done some great thing by demolishing this structure, this *Masjid*.

Sir, 17 years back, at that point of time, everybody condemned it and it was said that it was a spontaneous reaction from the karsevaks; it was not a deliberate or a pre-planned attack or plan of karsevaks. That was the saying earlier. But now suddenly everything changed and everybody looks very happy, as their body language shows. It seems that they had done some great thing. Some sort of new word *Jehad* emerged and it looked as if they had done something great. But for us, the Indian Muslims, especially, for all those who are peace-loving people and especially, for those who are from Kerala just like me — the only State where Muslims live across the State with honour — it was the darkest day. I can see, my friends from North India who are shouting now — and they are very much interested in *Urdu Shers* — are very happy; from morning till evening they would read *shers* and they are very happy either with Mulyam Singh or with Amar Singh, etc. They are very happy just like during the Mughal Times, in the evenings, people used to enjoy their *shers* and had no problems. But we, from Kerala, are working for the development of Muslims, for the minority communities by giving them education,

by bringing them into the mainstream of politics and by providing them whatever they need, not only roads and houses. We give education to girls, especially, Muslim girls. That is how Kerala is different. That is how the Kerala community is different. That is why the Kerala Muslims are revered all over the country, not only in India, but in the outside world also.

So, I request my Muslim brothers in North India to see who is the real enemy, whether it is the Congress Party or whether it is the Amar Singh's Party or it is the BJP, etc. If they attain this wisdom, then only they will be able to know what is happening in India today or what can happen tomorrow. At present, we are relying on Amar Singh. There is no other way because they are not united. They have to go to Lalu Prasad Yadav. Sometimes, they were with Congress. But for the last 17 or 18 years, they are not with Congress. But now after 17 years, they have come to know what is happening, who are the real enemies or who are the real friends. The last verdict has clearly shown that under the leadership of Sonia Gandhi, the Indian National Congress is providing better governance, which was not given even by late Shri Narasimha Raoji at that point of time. I am not arguing for Mr. Narashima Rao who was a mute spectator at the time of destruction. So, my sincere prayer to our Muslim friends in North India is to have their own ideology, to have some sort of organisation so that they can be ...

SHRI BALBIR PUNJ: Sir, I have a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Yes.

SHRI BALBIR PUNJ: Madam, the hon. Member is repeatedly referring to Muslim leaders, Muslim community, making appeal on the basis of religion, asking people to unite in the name of religion, look for solutions on the basis of religion. Is it fair? ...*(Interruptions)*... Should it happen? ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): What is the point of order?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): There is no point of order. ...*(Interruptions)*...

SHRI BALBIR PUNJ: If somebody were to speak ...*(Interruptions)*... this is how the Hindus of UP should unite; how the Hindus of Karnataka should unite ... ...*(Interruptions)*...

SHRI B.K. HARIPRASAD: He is talking of their welfare. ...*(Interruptions)*...

SHRI BALBIR PUNJ: If it is the welfare, can you look at the welfare ... ...*(Interruptions)*...

SHRI RUDRA NARAYAN PANY: Mr. Hariprasad, it is a good thing that he is talking about the welfare ... ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Punj, kindly state the rule under which you are raising the point of order. ...*(Interruptions)*... No; I want to know the rule. ...*(Interruptions)*...

4.00 **P.M.**

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE: All right. I will not repeat that. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Punj, I would like to know under what rule? *(Interruptions)* Please, do not interrupt.

SHRI BALBIR PUNJ: Asking the citizens of this country...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please, do not interrupt the Chair. *(Interruptions)* Kindly state the rule under which you are raising the Point of Order.

SHRI BALBIR PUNJ: It is not only against the rules of the House, but also against the basic law of the country. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Which rule...*(Interruptions)*..

SHRI BALBIR PUNJ: You cannot appeal to the citizens on the basis of religion...*(Interruptions)*..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am sorry, there is no Point of Order. Mr. Wahab, please continue and finish your speech.

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE: Do not worry about the Muslims uniting in Northern India; it will happen, *Insha Allah*!

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Wahab, please conclude.

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE: Okay, Madam, I shall now come to the Liberhan Commission Report.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, no; you have to conclude now. You should have come to the Liberhan Commission Report seven minutes ago!

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE: It is the duty of the Central Government to compensate the 3000 displaced, killed and affected Muslims and others in the riots following the Ayodhya incident. I would request the Government of India to give full compensation, in whichever way needed. 'Justice delayed is justice denied'. This Report came after 17 years. We do not know how many years Government of India would take to give compensation to the victims and take remedial measures. I hope, post Ayodhya, in Kerala no single man, whether Muslim or non-Muslim died or was injured because of the Ayodhya incident. It happened with so many people, especially in Northern India, at Bombay and other places.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Please conclude. Your time is over.

SHRI ABDUL WAHAB PEEVEE: Okay, Madam. Thank you.

SHRI AMAR SINGH: Madam, I would like to again seek some...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, no, Amar Singhji. There is no clarification. You cannot ask after every statement. *(Interruptions)*

SHRI AMAR SINGH: Madam, it is my right. (Interruptions)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, it is not your right.

SHRI AMAR SINGH: Madam, somebody is making allegations...*(Interruptions)*..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): It is not your right. He has not said anything about you.

SHRI AMAR SINGH: He has said.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, Amar Singh*ji*.

SHRI AMAR SINGH: He has mentioned my name thrice. You may check it in the record.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): But after every speech, should every Congress person give a clarification? It is not possible.

SHRI AMAR SINGH: Madam, by now I would have completed. Mr. Wahab, I don't have anything personal against the Congress.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): But you have to address the Chair!

SHRI AMAR SINGH: Sorry. Madam, I don't have anything personal against Mr. Wahab's statement of uniting Muslims in North India. I hold the Congress Party in the highest esteem.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Amar Singh, only your clarification.

SHRI AMAR SINGH: Their Party should have been grateful to us for bailing them out in their hour of crisis.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): This is not a clarification, Mr. Amar Singh. This is not a clarification.

SHRI AMAR SINGH: He should not have alleged such things. Why is he taking it as personal? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Rajeev Shukla. *(Interruptions)* No, I am not allowing. *(Interruptions)* Please, Mr. Amar Singh, this is not a clarification. *(Interruptions)*

SHRI AMAR SINGH: How can he make such allegations against the Party? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shri Rajeev Shukla.

SHRI RAJEEV SHUKLA (Maharashtra): Madam Chairperson, I will be very brief in my observations on the Liberhan Commission Report. बहुत से सदस्यों ने इस पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं अपने भाषण की शुरूआत इसी से करना चाहता हूं और मैं यहां पर अपनी सीधी-सीधी बात रखता हूं। यहां पर सबसे पहले यह पूछा जाता है कि नरसिम्हा राव जी ने क्या किया? उनकी सरकार के समय में क्या किया गया? मैं कल से सुन रहा हूं कि यही बात रटी जा रही है। मैं अपनी स्पीच की शुरूआत में यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नरसिम्हा राव की सरकार के जमाने में यह घटना हुई और संघ परिवार ने उनको mislead किया, उनको धोखा दिया। न केवल उनको मिसलीड किया, बल्कि Supreme Court Of India को भी मिसलीड किया। उनकी यह गलती थी ...(व्यवधान).. कमाल भाई, जरा सुन तो लो। उनकी गलती यह थी कि उन्होंने उन पर विश्वास कर लिया। ...(व्यवधान).

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : प्लीज़, उनको बोलने दीजिए।

श्री राजीव शुक्ल : यह उनकी गलती थी कि उन्होंने उन पर विश्वास कर लिया। उनको मिसलीड किया, यह उनकी साजिश थी। दूसरी बात यह है कि यहां पर तमाम बातें हो रही हैं। नेता विपक्ष ने भी बोला है कि ऐसा था, लिब्रहान ने यह तारीख गलत लिख दी, वह तारीख यह कर दी और इस आदमी का नाम गलत लिख दिया, उस आदमी का नाम गलत लिख दिया। मैं कहता हूं कि उस समय प्रदेश में भाजपा की सरकार थी।

आप इधर-उधर की बात क्यों कर रहे हैं। आप सीधी बात पर आइए कि ढांचा गिराया। गिराया तो किसने गिराया और उसमें कौन लोग शामिल थे।

श्री वीरेन्द्र भाटिया : आप ढांचा मत कहिए, बाबरी मस्जिद कहिए। ..(व्यवधान)..

श्री राजीव शुक्ल : किसने गिराया इस पर आइए। मैं उस समय की प्रदेश सरकार से पूछता हूं कि तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां क्यों लुटा। ..(व्यवधान)..सुन तो लीजिए ..(व्यवधान)..चार बार बोला गया तो अब पांचवीं बार भी सुन लो। सुनने की सहनशक्ति तो रखिए पुंज जी। यही तो आप लोगों की समस्या है कि आप सुनते ही नहीं हो। मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी पे मलाल था। ..(व्यवधान)..

श्री बलबीर पुंज : आपसे पहले बोल गए हैं।

श्री राजीव शुक्ल : बोल गए हैं तो अच्छी बात है, दुबारा सुन लीजिए। ..(व्यवधान)..जो रहबर था ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Let him speak. ..*(Interruptions)*..

श्री राजीव शुक्ल : मैं पहली बार देख रहा हूं कि आजकल पुंज जी बहुत * जो रहबर है, वो लोग कौन थे, जो इसमें शामिल थे। आप सीधी-सीधी बात बताइए कि वे कौन लोग थे, जो इसमें involve थे। ..(व्यवधान)..इसी कमीशन ने बताया है कि कौन हैं। आप कह रहे हैं कि हम reject कर रहे हैं। जब आपने मान लिया कि कमीशन बैठा और कमीशन ने कुछ कहा ..(व्यवधान)..अब असली बात आ गई कि कमीशन ने कुछ कहा, आप उसको कह रहे हैं कि हम reject करते हैं We reject it lock, stock and barrel. एक तरफ कहते हो कि कमीशन बैठा था। जब कमीशन ने कहा तो कमीशन की बात भी मान लो।

श्री बलबीर पुंज : आप सब मानते हो? जो-जो कमीशन ने कहा है, क्या आप सब मानते हो? ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Ignore them and make your speech. ...*(Interruptions)*... Ignore them and continue with your speech. ...*(Interruptions)*...

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री राजीव शुक्ल : ये बात ही कम्पलीट नहीं करने दे रहे हैं ..(व्यवधान)..जब कमीशन ने कहा है तो आपको कमीशन की बात माननी पड़ेगी। इनके तो ..(व्यवधान)..

श्री बलबीर पुंज : आप मानते हो? ..(व्यवधान)..

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : आप रनिंग कमेंट्री मत दीजिए।

श्री राजीव शुक्ल : इनकी एक नेता है, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, दूसरे सदन की सदस्य हैं, उन्होंने कहा कि राम का प्रयोग हर जगह किया जाता है। जब बच्चा पैदा होता है तो उसकी जीभ पर राम लिखा जाता है, जब व्यक्ति मरता है और उसके शव को लेकर जाते हैं तो राम नाम का प्रयोग होता है। बात वहीं से स्पष्ट होती है कि उनको राम का प्रयोग पता है कि राम को कैसे यूज करते हैं, राम में आस्था नहीं है। आज हिंदुस्तान का कौन सा दल है, जो बिना हिंदुओं के है? वे सबके हैं। राम तो सबके थे, जैसे अल्लाह सबका है। यह जो आस्था है, यह आस्था नहीं है। यह राम का प्रयोग है। राम की दुकानदारी, राम का व्यापार करा लो। जब वह अयोध्या की दुकान बंद हो गई, जब अयोध्या, मथुरा, काशी तीनों हार गए, तो दूसरे विषय तलाशने लगे। यह जो राम की दुकान है, इसे बंद करो। ये लोग..(व्यवधान)..

श्री बलबीर पुंज : मैडम ..(व्यवधान)..

श्री राजीव शुक्ल : पुंज जी, आपकी सरकार छह साल थी, आपने क्या किया? आपने दोनों बातें कहीं। एक तरफ तो आप यहां पर सदन में आकर और अदालत में यह बोलते हो कि हमने नहीं गिराई, हमारा कोई लेना-देना नहीं है और बाहर भाषणों में कहते हो कि हम ही ने गिराई है। मैंने लोगों के भाषण सुने हैं। जब छह बजे टेलीफोन आया तो कहा कि हो गया, हमने कहा कि जय श्री राम, बन गया काम। आप दोनों बातें नहीं कह सकते हैं। या तो आप बोलिए कि आपने गिराई या आप यह बोलिए कि नहीं गिराई ताकि जो राम भक्त हैं, उनको पता चले कि आप क्या कह रहे हैं। शिव सेना वालों में हिम्मत है, वे कम से कम बोल तो रहे हैं, आप तो अभी नहीं बोल रहे हैं। आप दोनों लड्डू नहीं खा सकते हैं कि एक तरफ डर कर कहो कि हमने नहीं गिराई ताकि हम जेल न जाएं, कोई कार्यवाही न हो और दूसरी तरफ बाहर पब्लिक में जाकर बोलते हो कि हम ही ने गिराई। एक बात हो, इतने गट्स हों कि सामने उठकर बोलो कि हम हैं। आपके यहां से बोल कौन रहे हैं? कौन राम लला की आस्था दिखा रहा है। अरुण जेटली जी नेता विपक्ष हैं। ये आज तक कभी अयोध्या गए, इनसे पूछिए। क्या इन्होंने कभी राम लला के दर्शन किए क्या वेंकैया नायडु आज तक अयोध्या गए? उन्होंने राम लला के दर्शन किए? वे यहां पर कमान सम्भालकर बोल रहे हैं। आपकी कोई आस्था राम में नहीं है।

श्री विनय कटियार : *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Katiyar, please sit down. ..*(Interruptions)*.. I am not permitting you. ..*(Interruptions)*.. Please sit down. ..*(Interruptions)*.. Whatever Mr. Katiyar is saying, it will not go on record. ..*(Interruptions)*..

श्री राजीव शुक्ल : आप जेटली का नाम क्यों नहीं ले रहे हैं..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I am not permitting any of you to interrupt him. ..*(Interruptions)*.. Mr. Katiyar, please sit down. ..*(Interruptions)*..

श्री विजय कुमार रूपाणी (गुजरात) : मैडम..(व्यवधान)..बोलने नहीं दे रहे हैं.(व्यवधान)..

श्री रुद्रनारायण पाणि : महोदया..(व्यवधान)..

*Not recorded.

श्री राजीव शुक्ल : जो आंदोलन में थे..(व्यवधान)..क्यों नहीं नाम लिया .(व्यवधान)..जो आंदोलन में थे .(व्यवधान)..क्यों नहीं बोलने दिया?..(व्यवधान)..

श्री राजीव शुक्ल : जो सचमुच अयोध्या के लिए ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): One minute, Mr. Shukla, please sit down...*(Interruptions)*. Please sit down.

श्री राजीव शुक्ल : उनका नाम विनय कटियार था, उनको बोलने नहीं दिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Shukla, please conclude now.

श्री राजीव शुक्ल : मैं यह मानता हूँ ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Shukla, please conclude.

श्री राजीव शुक्ल : मैडम, कांग्रेस का टाइम अभी बाकी है। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, your time is over.

श्री राजीव शुक्ल : हमारे चतुर्वेदी जी नहीं बोल रहे हैं, इसलिए हमारा टाइम बाकी है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन) : टाइम बाकी नहीं है, आप conclude कर दीजिए प्लीज़।

श्री राजीव शुक्ल : अफगानिस्तान में एक गलती हुई थी, जब तालिबानों ने बामियान में बुद्ध की प्रतिमा गिराई थी। ये जो हिन्दुस्तानी तालिबान हैं, इन्होंने 6 दिसम्बर 1992 को वही गलती की, जब इन्होंने अयोध्या में बाबरी मस्जिद गिराई। ... **(व्यवधान)** ...

श्री रुद्रनारायण पाणि : उन्हीं के समर्थन से आप राज्य सभा में आए हैं।

श्री राजीव शुक्ल : उनके समर्थन से हम नहीं आए हैं।

इसलिए यह इन लोगों की सबसे बड़ी गलती रही और इसके लिए मैं गृह मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मैंने ATR देखी है, इस ATR के बाद मुझे लगता है कि दूसरी ATR आनी चाहिए। ऐसे लोगों पर क्या कार्रवाई की जा रही है, वे इसके बारे में आज यहाँ सदन में जवाब दें और वह कार्रवाई यहाँ पर निर्धारित की जानी चाहिए। **(समय की घंटी)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Okay, that is all. Your time is over.

श्री राजीव शुक्ल : मैं एक चीज़ और कहना चाहता हूँ कि समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के ऊपर attack किया। मैं इनको भी बताना चाहता हूँ ...(व्यवधान)...

श्री कमाल अख्तर : 1992 में तो आप भी बीजेपी में थे। ...(व्यवधान)... यह सर्टिफिकेट आपके ही पास है कि जो बीजेपी में होगा ...(व्यवधान)... अब आप secular हो गए।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती जयन्ती नटराजन): आपकी पार्टी को टाइम नहीं मिलेगा, आप प्लीज़ बैठ जाइए।

श्री राजीव शुक्ल : 1992 में हम पत्रकार थे, कारसेवक नहीं थे ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Rajeevji, please conclude now.

श्री राजीव शुक्ल : जो कल्याण सिंह के साथ सरकार में रहे, जो कल्याण सिंह के पाँव छूते रहे, उनको नेता बना रहे हैं, वे कारसेवक होंगे, हम लोग कारसेवक नहीं हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Okay, please conclude now. Your time is over.

श्री राजीव शुक्ल : मैडम, मैं खत्म कर रहा हूँ। आपने मुझे पूरी बात कहने नहीं दी, जबकि अभी कांग्रेस का टाइम बाकी है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): No, the time allotted to the Congress Party is over. Please conclude.

श्री राजीव शुक्ल : इसलिए कांग्रेस को यह blame करना न सपा के लिए ठीक है, न भाजपा के लिए। इन दोनों की नूराकुश्ती है, दोनों मिले हुए हैं। फिर एक दूसरे के साथ ये मदद करके उत्तर प्रदेश में शासन कायम करने की कोशिश करेंगे, फिर कल्याण सिंह का साथ लेंगे, गले लगाएंगे। मैं यहाँ पर ऐसे लोगों की घोर निन्दा करता हूँ और गृह मंत्री जी से मांग करता हूँ कि इनके ऊपर क्या कड़ी कार्रवाई होगी, इसका ब्योरा सदन में दें। धन्यवाद।

श्री महमूद ए. मदनी (उत्तर प्रदेश) : सदरनसीन साहिबा,

वह ग़ज़ल उन्हीं को सुनाएगा और वे छुरी उसी पर चलाएंगे,
न कलीम उनको भुलाएगा, न कलीम को वे भुलाएंगे।

ये कलीम बिहार के शायर हैं। इनके वहाँ दंगा हुआ और इनके गाँव को जलाया गया। इनकी माँ और बहन ने अपनी इज्जत बचाने के लिए कुएँ में कूद कर जान दे दी। ये शायर कह रहे हैं कि

वह ग़ज़ल उन्हीं को सुनाएगा, वे छुरी उसी पर चलाएंगे,
न कलीम उनको भुलाएगा, न कलीम को वे भुलाएंगे।
छुरी उनकी नाज़ करे न क्यों ---

मैं कांग्रेस वालों से कहना चाहता हूँ ---

छुरी उनकी नाज़ करे न क्यों, भला नाज़ क्यों न उठाएंगे,
हम उसी से होंगे ख़फा अगर, तो गले से किसको लगाएंगे।
वे इन आँसुओं को सिंगार लें, हम उन्हीं की ज़ुल्फ सजाएंगे,
ये सितारे टाँक कर और भी, उन्हें चार चाँद लगाएंगे।
इसी गली की हैं ख़ाक से ---

पुंज साहब, आपसे कहना चाहता हूँ ---

इसी गली की हैं ख़ाक से ---

बाबर की औलाद हैं न ---

इसी गली की हैं ख़ाक से, यहीं ख़ाक अपनी मिलाएंगे,
न बुलाए आपके आए हैं, न निकाले आपके जाएंगे।
वे तो बदगुमान हैं बेसबब, हम उन्हीं पर अपना लुटा के सब,
जब उन्हें न अपना बना सके, तो अब और किसको बनाएंगे।

बाबरी मस्जिद, अयोध्या, राम जन्मभूमि, झगड़े, सब निपट चुके। मन्दिर तो वहां बना लिया गया और पूजा भी हो रही है। यह जस्टिस लिब्रहान साहब की मेहरबानी है कि इस पर दोबारा डिबेट शुरू हो गई है। जिस काम के

लिए इन्होंने मन्दिर बनवाने का काम किया था, उस काम में भी कुछ दिन के लिए इनको जगह मिल गई। लेकिन अब लोगों ने इनकी छुट्टी कर दी है और दोबारा नम्बर आने वाला नहीं है। कटियार साहब, उन्होंने बिल्कुल सही कहा कि एक क़ारतूस दो मर्तबा नहीं चलता। अब नहीं चलेगा यह क़ारतूस, अब कुछ और ढूंढ़ना पड़ेगा। लाशों का सौदा करना बंद करिए और दिलों को जोड़ने की बात करिए। यह मुल्क, हमारा मुल्क है।

अभी मैं आपसे कह रहा था कि 'बदगुमान है बेसबब'... हिन्दुस्तान के मुसलमानों के पास मौक़ा था कि वे जा सकते थे, लेकिन उन्होंने इसी मुल्क में रहना पसन्द किया। अपना मुल्क बनाया। हमारा मुल्क है यह। मन्दिर-मस्जिद की बात करने के बजाय मुल्क बनाने की बात करिए। देश बनाने की बात करिए। अगर यह देश बनेगा तो हम सब फलेंगे-फूलेंगे, हम सबका फायदा होगा। लेकिन अगर यह देश बर्बाद होगा, अनार्की होगी, दहशतग़र्दी फैलाई जाएगी, तब आप क्या समझते हैं कि जो आतंकवाद होता है, वह किसी एक आदमी के करने से होता है? क्या कोई अचानक आ जाता है? क्या इसके पीछे रीज़न्स नहीं होते? क्या ऐसा तो नहीं है कि जो देशद्रोही ताक़तें हमारे मुल्क के बाहर हैं या जो हमारा दुश्मन मुल्क है, उसके इशारे पर ही इन लोगों ने ये सारी कार्रवाइयां की हों?

अभी तरलोचन सिंह जी कह रहे थे कि बाबर तो बुराई की निशानी है। मैं भी मान लेता हूं कि बुराई की निशानी है, तो नाम बदल दीजिए। दूसरा कोई अच्छा सा नाम उस मस्जिद का रख दीजिए। लेकिन यह ज़िद क्यों है कि नहीं, वहीं बनाएंगे और तोड़ करके बनाएंगे, बना भी लिया।

ख़ैर, मैं उस पर और ज्यादा बात नहीं करते हुए सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। एक तो नीयत साफ रखनी चाहिए और दूसरा सियासत के लिए काम नहीं होना चाहिए, फिर चाहे इधर के लोग हों, चाहे उधर के लोग हों। क्योंकि अगर इसके ऊपर डिबेट होगी तो यहां सवाल यह भी आएगा कि 1949 में क्या हुआ, क्यों हुआ, कैसे हुआ और कौन लोग जिम्मेदार थे उसके लिए। फिर यह सवाल भी होगा कि शिलान्यास में क्या हुआ, किन लोगों ने करवाया, उसके बाद शहादत के वक्त क्या हुआ। यह बात तो कह दी गई कि पुलिस हमारे साथ है, ठीक है, बहुत अच्छी बात है, लेकिन यह नहीं कहा गया कि प्राइम मिनिस्टर भी हमारे साथ है। ऐसे थोड़े ही सब हो गया था।

ये कुछ बातें हैं, लेकिन अब पीछे की तरफ देखने के बजाय, मैं आप हज़रात से गुज़ारिश करूंगा कि आगे की तरफ देखें। बहुत अच्छी बात है जो हमारे जोशी जी ने कही कि हमें अभिमान है, जबकि सारा देश यह कहता है कि शर्म की चीज़ है, शर्म का काम हुआ था और वह शर्मनाक़ वाक़या था। आप ले लीजिए, लेकिन तरीक़े से ले लीजिए। ज़बरदस्ती करके, उसे तोड़ करके आपने मन्दिर बना ही लिया और वह चल भी रहा है, लेकिन अगर आप उसको तरीक़े से लें तब। मुक़दमा चल रहा है, कोर्ट में है, फ़ैसला हो जाए तो बना लीजिए, लेकिन ज़बरदस्ती नहीं ..(**समय की घंटी**) इस मुल्क में इस तरह ज़बरदस्ती चलनी नहीं चाहिए और चलने की इजाज़त भी नहीं दी जानी चाहिए। इस ज़बरदस्ती के लिए जो मुजरिम हैं, उनको सज़ा मिलनी चाहिए।

अगर मुल्क को आतंकवाद से, बुराइयों से, ज़ोर से, ज़बरदस्ती से, बचाना है तो rule of law होना चाहिए और इसका इंतज़ाम होना चाहिए। यह तो तारीख़ है, इतिहास है, वह इतिहास कभी छुपेगा नहीं। इसके लिए अगर आपने कोशिश नहीं की, हुक़ूमत अब भी संजीदा न हुई और sincerity के साथ सज़ा देने की कोशिश नहीं की तो तारीख़ और इतिहास आपको मुआफ़ नहीं करेगा। बहुत-बहुत शुक्रिया।

جناب محمود اےمدنی (اتر پردیش) : صدر نشیں صاحبہ،

وہ غزل انہیں کو سنائے گا اور وہ چھری اسی پر چلائیں گے

نہ کلیم ان کو بھلائے گا، نہ کلیم کو وہ بھلائیں گے

یہ کلیم بہار کے شاعر ہیں۔ ان کے وہاں دنگا ہوا اور ان کے گاؤں کو جلایا گیا۔ ان کی ماں اور بہن نے اپنی عزت بچانے کے لئے کنویں میں کود کر جان دے دی۔ یہ شاعر کہہ رہے ہیں کہ--

وہ غزل انہیں کو سنائے گا اور وہ چھری اسی پر چلائیں گے

نہ کلیم ان کو بھلائے گا، نہ کلیم کو وہ بھلائیں گے

چھری ان کی ناز کرے نا کیوں؟

میں کانگریس والوں سے کہنا چاہتا ہوں--

چھری ان کی نازکرے نا کیوں، بھلا ناز کیوں نہ اٹھائیں گے،

ہم اسی سے ہوں گے خفا اگر، تو گلے سے کس کو لگائیں گے

وہ ان آنسوؤں کو سنگار لیں، ہم انہیں کی زلف سجائیں گے،

یہ ستارے ٹانک کر اور بھی، انہیں چار چاند لگائیں گے۔

پونج صاحب، آپ سے کہنا چاہتا ہوں--

اسی گلی کی ہیں خاک سے-- بابر کی اولاد ہیں نا--

اسی گلی کی ہیں خاک سے، یہی خاک اپنی ملائیں گے،

نہ بلائے آپ کے آئے ہیں، نا نکالے آپ کے جائیں گے

وہ تو بدگمان ہیں بے سبب، ہم انہیں پر اپنا لٹا کے سب

جب انہیں نہ اپنا بنا سکے، تو اب اور کس کو بنائیں گے

†[ ]Transliteration in Urdu Script.

